YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
www.delhi.nbt.in । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 11 फरवरी 2021

सरकारी स्कूलों में भी इसी हफ्ते आ सकता है एडमिशन का शेड्यूल

शिक्षा विभाग फाइनल कर रहा गाइडलाइंस

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने जहां प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन का शेड्यूल जारी कर दिया है, वहीं अगले हफ्ते सरकारी स्कूलों में नर्सरी-केजी एडमिशन की गाइडलाइंस भी जारी करने की तैयारी चल रही है। प्राइवेट स्कूलों में रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 18 फरवरी से शुरू होगा और सरकारी स्कूलों में रजिस्ट्रेशन की शुरुआत भी 18 फरवरी के आसपास ही हो सकती है।

तय किया जाएगा कि एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कब से होगा

सूत्रों का कहना है कि विभाग का मानना है कि प्राइवेट स्कूलों के साथ ही सरकारी स्कूलों में एडमिशन के लिए भी रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू होना चाहिए। अगले एक- दो दिन में शेड्यूल तैयार करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कब से होगा? सरकारी स्कूलों के लिए भी पैरंट्स को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का विकल्प दिया जाएगा। हालांकि अभी यह तय किया जाना है कि क्या सरकारी स्कूलों में भी केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा या फिर ऑफलाइन फॉर्म जमा करवाने की इजाजत दी जाएगी। दरअसल महामारी को ध्यान में रखते हुए ही विभाग को फैसला करना होगा कि रजिस्ट्रेशन के लिए क्या सिस्टम फॉलो किया जाएगा? जहां तक एडमिशन क्राइटेरिया की बात है तो प्राइवेट स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों में एडमिशन के लिए पॉइंट सिस्टम नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों के लिए जारी किए गए एडमिशन शेड्यूल में एडमिशन की आखिरी तारीख 31 मार्च रखी गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि स्कूलों में सीटें खाली रहने पर 31 के बाद भी एडमिशन की इजाजत दी जा सकती है।

प्राइवेट स्कूलों का कहना है कि पैरंट्स को वेबसाइट के जरिए सभी जरूरी जानकारी दी जाएगी। पीतमपुरा वसुधा एनक्लेव के एम.एम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि पैरंट्स के सवाल आने शुरू हो गए हैं और कोविड महामारी के दौरान स्कूल पूरी कोशिश करेंगे कि पैरंट्स को एक क्लिक पर सारी जानकारी मिल सके। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी के चेयरमैन एस.के. गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक ही एडमिशन होंगे और इसकी तैयारी की जा रही है।